Number of Pages in Booklet : 16
पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या
Number of Questions in Booklet : 70
पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या

Serial No. of Booklet / पुस्तिका क्रमांक: **050061**

# Sanskrit
## Subject Code/विषय कोड : 05

Roll No. of Candidate/अभ्यर्थी का अनुक्रमांक : ....................

OMR Serial Number/ओ.एम.आर. क्रमांक : ....................

Signature of Candidate/अभ्यर्थी के हस्ताक्षर : ....................

Date of Examination/परीक्षा तिथि : ....................

Signature of Invigilator/वीक्षक के हस्ताक्षर : ....................

Time/समय : 75 Minutes/मिनिट्स — Maximum Marks/पूर्णांक : 70

### Instructions

1. Answer *all* questions.
2. *All* questions carry equal marks.
3. In this booklet, the questions from serial no. **1** to serial no. **10** are related to General Awareness while questions from serial no. **11** to serial no. **70** are subject specific.
4. Each question has four alternatives marked as (A), (B), (C), (D).
5. Choose only one alternative as an answer of a question.
6. If more than one answer is marked, then it will be treated as wrong answer.
7. Candidate has to darken only one circle indicating the correct answer on the O.M.R. sheet by using **BLUE/BLACK BALL POINT PEN**.
8. There is no provision of **Negative Marking**.
9. Carrying Mobile Phone in the examination hall is strictly prohibited. If any objectionable material is also found then action will be taken as per university norms.
10. Please fill your Roll No. and other information carefully on OMR sheet. In case of any mistake on OMR sheet, candidate will be responsible.
11. If there is any difference between English and Hindi version of questions, then English version shall be correct.

### निर्देश

1. **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिये ।
2. **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं ।
3. इस प्रश्न पुस्तिका में क्रमांक **1** से क्रमांक **10** तक के प्रश्न सामान्य अभिज्ञान के तथा क्रमांक **11** से क्रमांक **70** तक के प्रश्न विषय-केन्द्रित हैं ।
4. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर हैं जिन्हें क्रमशः (A), (B), (C), (D) से अंकित किया गया है ।
5. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक विकल्प उत्तर के रूप में चुनिये ।
6. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न का उत्तर गलत माना जाएगा ।
7. अभ्यर्थी को सही उत्तर हेतु केवल एक गोले को ओ. एम. आर. शीट पर **नीले/काले बॉल प्वाइंट पेन** से गहरा करना है ।
8. **नकारात्मक अंक** प्रदान करने का कोई प्रावधान नहीं है ।
9. मोबाइल फोन का परीक्षा हॉल में लाना पूर्णतया निषिद्ध है । साथ ही कोई भी अन्य वर्जित सामग्री मिलने पर विश्वविद्यालय के नियमानुसार कार्यवाही होगी ।
10. अभ्यर्थी अपना रोल नम्बर एवं अन्य जानकारियाँ ओ.एम.आर. शीट पर सावधानी से भरें । ओ.एम.आर. शीट पर कोई भी त्रुटि होने पर उसका पूर्ण दायित्व अभ्यर्थी का होगा ।
11. यदि प्रश्नों के हिंदी और अंग्रेजी रूपान्तरणों के मध्य किसी प्रकार का फर्क पाया जाता है, तब अंग्रेजी रूपान्तरण को ही सही माना जाएगा ।

SEAL

**Space for Rough Work**

**कच्चे कार्य के लिए स्थान**

1. When is the 'World Water Day' celebrated ?

(A) 21st March

(B) 22nd March

(C) 23rd March

(D) 24th March

2. 'Genetic disorders' are related to :

(A) RNA

(B) Genes

(C) Histones

(D) Nucleoplasm

3. Alla Zilai Bai is famous for her .......................... singing.

(A) Gazal

(B) Dhrupad

(C) Mand

(D) Kawwali

4. The immediate source of energy for our body is :

(A) Polysaccharide

(B) Protein

(C) Fat

(D) Glucose

1. 'विश्व जल दिवस' कब मनाया जाता है ?

(A) 21 मार्च

(B) 22 मार्च

(C) 23 मार्च

(D) 24 मार्च

2. 'आनुवंशीक विकार' का संबंध है :

(A) आर. एन. ए.

(B) जीन्स

(C) हिस्टोन्स

(D) न्युक्लियोप्लाज़्म

3. अल्ला झीला बाई अपनी .................. गायकी के लिए प्रसिद्ध हैं।

(A) ग़ज़ल

(B) ध्रुपद

(C) मांड

(D) कव्वाली

4. हमारे शरीर के लिए त्वरित ऊर्जा का स्रोत है :

(A) पोलीसेकेराइड

(B) प्रोटीन

(C) वसा

(D) ग्लूकोज

5. Meenu runs faster than Gaurav, Lalit runs faster than Meenu, Gaurav runs faster than Lalit. If the above two sentences are true then third sentence is :

(A) True

(B) False

(C) Uncertain

(D) Half True

6. Complete the following series :

2, 13, 35, 68, ............ ?

(A) 110

(B) 111

(C) 112

(D) 113

7. In a certain code language, if the word 'SACRED' is coded as 'DERCAS', then how will the word 'SATISFACTION' be coded ?

(A) NOITCAFSITAS

(B) NOITCAFISTAS

(C) NOTICAFSITAS

(D) NOITACFSITAS

5. मीनू गौरव से तेज भागती है, ललित मीनू से तेज भागता है, गौरव ललित से तेज भागता है। अगर पहले दो कथन सत्य हैं, तो तीसरा कथन है :

(A) सत्य

(B) असत्य

(C) अनिश्चित

(D) अर्ध सत्य

6. निम्न शृंखला पूरी कीजिये :

2, 13, 35, 68, ............ ?

(A) 110

(B) 111

(C) 112

(D) 113

7. किसी सांकेतिक भाषा में यदि 'SACRED' शब्द को 'DERCAS' के रूप में संकेतित किया जाता है, तो 'SATISFACTION' शब्द को कैसे संकेतित किया जायेगा ?

(A) NOITCAFSITAS

(B) NOITCAFISTAS

(C) NOTICAFSITAS

(D) NOITACFSITAS

8. Find the word which best expresses the meaning of the word 'HOMAGE' ?

(A) Habitation

(B) Humble

(C) Desire

(D) Respect

9. Find the correctly spelt word :

(A) Dissertation

(B) Conducter

(C) Bridgroom

(D) Antegonistic

10. Find the word which best expresses the given statement :

'An animal which feeds on dead animal' :

(A) Scapula

(B) Scarecrow

(C) Scavenger

(D) Tigress

8. 'HOMAGE' शब्द के अर्थ को श्रेष्ठ तरीके से दर्शाने वाला शब्द बताइये :

(A) Habitation

(B) Humble

(C) Desire

(D) Respect

9. शुद्ध वर्तनी वाला शब्द बताइये :

(A) Dissertation

(B) Conducter

(C) Bridgroom

(D) Antegonistic

10. दिये हुये कथन को श्रेष्ठ तरीके से दर्शाने वाला शब्द बताइये :

'An animal which feeds on dead animals.'

(A) Scapula

(B) Scarecrow

(C) Scavenger

(D) Tigress

11. वासवदत्ता की अत्यन्त प्रिय वीणा का नाम क्या था ?

(A) घोषवती

(B) स्वरमती

(C) गुणवती

(D) तंत्रीमुखी

12. वासवदत्ता की माता का क्या नाम था ?

(A) सानुमती

(B) यशोधरा

(C) अंगारवती

(D) सुनन्दा

13. राजा उदयन किस देश का राजा था ?

(A) मगधदेश का

(B) वत्सदेश का

(C) निषधदेश का

(D) कुरुदेश का

14. वासवदत्ता ने वीणावादन की शिक्षा किससे प्राप्त की थी ?

(A) प्रद्योत से

(B) गोपालक से

(C) पालक से

(D) उदयन से

15. भर्तृहरि के अनुसार ब्रह्मा भी किसे नहीं समझा सकते ?

(A) अज्ञ को

(B) विशेषज्ञ को

(C) अल्पज्ञानी को

(D) बुद्धिमान् को

16. भर्तृहरि ने नृपनीति (राजनीति) को उपमा दी है :

(A) वाराङ्गना की

(B) चञ्चला की

(C) नित्यव्यया की

(D) वदान्या की

17. नीतिशतक में मूर्खों का आभूषण बताया है :

(A) वाचालता को

(B) मौन को

(C) मितभाषिता को

(D) मृदुभाषिता को

18. भर्तृहरि के अनुसार मनुष्य का कौनसा आभूषण उसे सदैव सुशोभित करता रहता है ?

(A) बाजूबन्द

(B) सुन्दररूप

(C) वैभवसम्पन्नता

(D) वाणी

19. भर्तृहरि के अनुसार विद्या से रहित मनुष्य किसके समान होता है ?

(A) देवता के समान

(B) राजा के समान

(C) पशु के समान

(D) विद्वान् के समान

20. 'रघुवंशम्' महाकाव्य के रचयिता हैं :

(A) कालिदास

(B) भारवि

(C) माघ

(D) भास

21. 'किरातार्जुनीयम्' महाकाव्य के रचयिता हैं :

(A) कालिदास

(B) भारवि

(C) श्रीहर्ष

(D) माघ

22. 'किरातार्जुनीयम्' महाकाव्य के प्रथम सर्ग में छन्द है :

(A) मालिनी

(B) वसन्ततिलका

(C) वंशस्थ

(D) स्रग्धरा

23. नास्तिक दर्शन किसे कहते हैं ?

(A) ईश्वर में विश्वास न करनेवाला

(B) आत्मा में विश्वास न करनेवाला

(C) लौकिक सुख में विश्वास न करनेवाला

(D) वेदों की सत्ता में विश्वास न करनेवाला

24. पुरुषार्थ चतुष्टय है :

(A) धर्म-अर्थ-काम-मोक्ष

(B) धर्म-अर्थ-काम

(C) अर्थ-काम-मोक्ष

(D) धर्म-अर्थ-काम-क्रोध

25. माहेश्वर सूत्र कितने हैं ?

(A) 10

(B) 14

(C) 12

(D) 16

26. सुप् या तिङ् प्रत्यय जिसके अन्त में होते हैं, उन शब्दसमूह की होती है :

(A) संयोग संज्ञा

(B) संहिता संज्ञा

(C) पद संज्ञा

(D) सवर्ण संज्ञा

27. 'पौ + अक: = पावक:' – यहाँ 'औ' को 'आव्' आदेश करने वाला सूत्र है :

(A) इको यणचि

(B) आद्‌गुण:

(C) वृद्धिरेचि

(D) एचोऽयवायाव:

28. गुणसंज्ञक वर्ण हैं :

(A) अ ए ओ

(B) आ ऐ औ

(C) आ ई ऊ

(D) इ ऋ लृ

29. 'झलां जशोऽन्ते' सूत्र से होता है :

(A) झल् को द्वित्व

(B) पदान्त झल् को जश्

(C) झल् का लोप

(D) पदान्त जश् को झल्

30. 'विसर्जनीयस्य सः' सूत्र से होता है :

(A) सकार के स्थान पर विसर्ग आदेश

(B) विसर्ग का लोप

(C) विसर्ग के स्थान पर सकार आदेश

(D) सकार का लोप

31. क्षेत्रपति देवता है :

(A) खेत का रक्षक

(B) योद्धा का रक्षक

(C) जल का रक्षक

(D) भक्त का रक्षक

32. 'संगच्छध्वं संवदध्वं सं वो मनांसि जानताम्'– यह पंक्ति है :

(A) अग्नि सूक्त से

(B) विश्वे देवा सूक्त से

(C) संज्ञान सूक्त से

(D) प्रजापति सूक्त से

33. 'अहि' नामक दैत्य को मारा था :

(A) अग्नि ने

(B) इन्द्र ने

(C) वरुण ने

(D) क्षेत्रपति ने

34. वेद कितने हैं :

(A) चार

(B) दस

(C) आठ

(D) दो

35. 'शुकनासोपदेश' किसका अत्यन्त भव्य अंश है ?

(A) रामायण का

(B) महाभारत का

(C) गीता का

(D) कादम्बरी का

36. चन्द्रापीड के पिता का नाम था :

(A) बाणभट्ट

(B) शुकनास

(C) तारापीड

(D) केशव

37. शुकनासोपदेश के अनुसार वृद्धावस्था में भी शान्त न होने वाला दारुणमद होता है :

(A) रूपमद

(B) कुलमद

(C) लक्ष्मीमद

(D) ज्ञानमद

38. गुरु का कल्याणकारी वचन किनके कानों में पड़कर पीड़ा उत्पन्न कर देता है ?

(A) अशिष्ट लोगों के

(B) वृद्ध लोगों के

(C) दुर्बल लोगों के

(D) विक्षिप्त लोगों के

39. किससे उत्पन्न होने वाला अंधकार स्वभाव से ही अतिगम्भीर होता है ?

(A) बुद्धि से उत्पन्न

(B) यौवन से उत्पन्न

(C) सौन्दर्य से उत्पन्न

(D) कुल से उत्पन्न

40. कठोपनिषद् किस वेद से सम्बद्ध है ?

(A) ऋग्वेद से

(B) यजुर्वेद से

(C) सामवेद से

(D) अथर्ववेद से

41. नचिकेता यम के घर कितनी रात्रि बिना आहार के रहा था ?

(A) दो

(B) एक

(C) चार

(D) तीन

42. नचिकेता के पिता का नाम था :

(A) वाजश्रवस गौतम

(B) विश्वामित्र

(C) मेधातिथि

(D) वशिष्ठ

43. ब्राह्मण अतिथि किसका रूप होता है ?

(A) जल का

(B) मृत्यु का

(C) अग्नि का

(D) वायु का

44. 'राम' शब्द के द्वितीया बहुवचन् का रूप है :

(A) रामाः

(B) रामम्

(C) रामान्

(D) रामैः

45. 'शेषोध्यसखि' सूत्र से संज्ञा होती है :

(A) नदी संज्ञा

(B) घिसंज्ञा

(C) सवर्ण संज्ञा

(D) गुण संज्ञा

46. 'या सृष्टिः स्रष्टुराद्या वहति विधिहुतं ............' श्लोक में आराधना की गई हैं :

(A) शिव की

(B) विष्णु की

(C) कार्त्तिकेय की

(D) लक्ष्मी की

47. शकुन्तला की अँगूठी किस मछली के पेट में पायी गई थी ?

(A) रोहित

(B) शोभित

(C) आदर्श

(D) सोहन

48. शकुन्तला के साथ विदाई में कौन गया था ?

(A) शारद्वत

(B) शार्ङ्गरव

(C) गौतमी

(D) उपर्युक्त सभी

49. कामदेव के बाणों की संख्या है :

(A) चार

(B) पाँच

(C) तीन

(D) सात

50. शकुन्तला का पालन-पोषण किसने किया ?

(A) विश्वामित्र ने

(B) कण्व ने

(C) मरीचि ने

(D) दुर्वासा ने

51. मन्दाक्रान्ता छन्द में वर्ण होते हैं :

(A) बारह

(B) ग्यारह

(C) सत्रह

(D) चौदह

52. निम्न में से मात्रिक छन्द है :

(A) मालिनी

(B) शिखरिणी

(C) आर्या

(D) उपजाति

53. दो छन्दों का मेल है :

(A) उपजाति

(B) आर्या

(C) अनुष्टुप्

(D) वसन्ततिलका

54. उपमान और उपमेय के अभेद में अलंकार होता है :

(A) रूपक

(B) उपमा

(C) दीपक

(D) निदर्शना

55. उपमान में उपमेय की सम्भावना में अलंकार होता है :

(A) रूपक

(B) उत्प्रेक्षा

(C) अतिशयोक्ति

(D) श्लेष

56. रामायण के रचयिता हैं :

(A) महाकवि कालिदास

(B) महर्षि वाल्मीकि

(C) महाकवि भारवि

(D) तुलसीदास

57. महाभारत में पर्वों की संख्या है :

(A) नौ

(B) ग्यारह

(C) पन्द्रह

(D) अठारह

58. ऋग्वेद में मण्डलों की संख्या है

(A) पाँच

(B) पन्द्रह

(C) बीस

(D) दस

59. निम्न में से बृहत्त्रयी में काव्य आता है :

(A) किरातार्जुनीयम्

(B) शिशुपालवधम्

(C) नैषधीयचरितम्

(D) उपर्युक्त सभी

60. महाकवि कालिदास रचित मेघदूत है :

(A) गीतिकाव्य

(B) नाटक

(C) महाकाव्य

(D) गद्यकाव्य

61. निम्न में से टित् लकार है :

(A) लट्

(B) लङ्

(C) लुङ्

(D) लृङ्

62. 'भवन्तु' रूप बनता है :

(A) लट् लकार में

(B) लोट् लकार में

(C) लिट् लकार में

(D) लुट् लकार में

63. तर्कसंग्रह के अनुसार पदार्थों की संख्या है :

(A) पाँच

(B) सात

(C) छः

(D) नौ

64. ज्योतिष के अनुसार काल के भेद हैं :

(A) दो

(B) चार

(C) छः

(D) सात

65. 'इन्द्रविजयम्' के रचयिता हैं :

(A) अम्बिकादत्त व्यास

(B) दण्डी

(C) सुबन्धु

(D) मधुसूदन ओझा

66. सरस्वती एवं दृषद्वती के मध्यवर्ती देश का क्या नाम है ?

(A) ब्रह्मावर्त

(B) शूरसेन

(C) मध्यदेश

(D) आर्यावर्त्त

67. नालच्छेदन से पूर्व होने वाला संस्कार है :

(A) नामकरण

(B) जातकर्म

(C) निष्क्रमण

(D) चूड़ाकरण

68. विदुरनीति महाभारत के किस पर्व पर आधारित है ?

(A) सभा पर्व

(B) वन पर्व

(C) उद्योग पर्व

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

69. राजाओं का मन इन्दुमती के प्रति निराश क्यों हो गया ?

(A) अज को देखकर

(B) परन्तप को देखकर

(C) निषादराज को देखकर

(D) कान्यकुब्जेश्वर को देखकर

70. राम की गम्भीरता की उपमा किससे दी गई है ?

(A) समुद्र से

(B) हिमालय से

(C) ध्रुव से

(D) चन्द्रमा से

**Space for Rough Work**

**कच्चे कार्य के लिए स्थान**